## एक नजर में

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 26 से

**देवास।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2025 तक कुशाभाऊ ढाकरे बैडमिंटन हॉल पर किया जा रहा है ।प्रतियोगिता में जिले के सभी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे व खिलाड़ियो के लिए बालक व बालिका अंडर 11,13,15 सिंगल्स वर्ग रखे गए है जो भी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते है वह अपनी प्रविष्टि 25 दिसम्बर 2025 तक रोहित गुप्ता को इस नंबर 9691187844 पर भेज सकते है ।

### युकां प्रदेश अध्यक्ष का किया सम्मान



**देवास।** जिला युवा कांग्रेस देवास के जिला अध्यक्ष किशोर चौहान के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया की ओर से मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यस गंगोरिया का स्वागत किया गया।इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर भेंट कर उनका सम्मान किया गया।इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष मनोज राजानी, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेन गौड, राहुल गोरवा, विजय परमार, विजय कटेश्वर, विकास, योगेंद्र एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### सईद आलम प्रदेश संयोजक मनोनीत



**देवास।** पत्रकार सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस पंजीकृत की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप मुंबई सहित मध्य प्रदेश इकाई प्रदेश अध्यक्ष डॉ शरद मिश्रा की अनुशंसा पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सैयद खालिद कैस ने इंदौर के मास्टर सईद आलम को आगामी आदेश तक के लिए संगठन के सेल्फ डिफेंस डिपार्टमेंट में मध्य प्रदेश के प्रदेश संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर,की प्रदेश व देश भर के कई सामाजिक संगठनों, खैल एवं शिक्षा जगत और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

### जीएसटी टीम रिकार्ड जप्त कर ले गई

**सोनकच्छ।** नगर में जीएसटी विभाग ने एक साथ बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए जगजीत मशीनरी और किसान जनरल स्टोर पर रेड की।कार्रवाई के दौरान सरिया, पाइप, सीमेंट तथा खेती-किसानी से जुड़ी निर्माण सामग्री के स्टॉक की गहन जांच दूसरे दिन भी की। विभागीय टीम ने दुकान और गोदाम में रखे माल का भौतिक सत्यापन कर उसे बिल-बुक और रिकॉर्ड से मिलाना शुरू किया लेकिन कार्रवाई में समय ज्यादा लगने के कारण मंगलवार को टीम ने कार्रवाई की थी लेकिन जांच पुरी नही होने से अधिकारियों ने दुकान गोदाम पर सीलबंदी कर दी थी।बुधवार को पुनः टीम ने कार्रवाई शुरु की व दस्तावेज जब्त कर ले गई। असिस्टेंट कमिश्नर योगेश जाटव ने बताया कि कागजों का मिलान करने के बाद ही कितनी गड़बड़ियां की गई हैं, वह सामने आएगी।

### करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**भौरासा।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा. शिव प्रताप सिंह चौहान का उज्जैन से आष्टा जाते समय भौरासा फाटे पर करणी सैनिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौड़, प्रदेश सचिव संजय सिंह, देवास जिला अध्यक्ष तूफान सिंह बांगर, जिला उपाध्यक्ष सी.एम. भदोरिया एवं जिला महामंत्री विजय सिंह ठाकुर ने किया।प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने सर्वप्रथम भौरासा फाटे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इसके पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हाल ही में हरदा से लौटते समय करणी सेना के काफिले पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया था।इसी घटना को लेकर संगठन की आगामी रणनीति एवं कार्यवाही के संबंध में चर्चा हेतु वे आज आष्टा जा रहे हैं।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कुलदीप बना, यशवंत सिंह राजपूत, आनंद सिंह दरबार, कुंदन ठाकुर, त्रिलोक ठाकुर, सोनू बना, अरमान ठाकुर, शुभम बना, लाला बना, शुभम बेस, जयपाल राजपूत, जितेंद्र बेस,संदीप, महेश, सोनू राजपूत,सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

### गोहिल चौबाराधीरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने



**टोंक खुर्द।** इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सोनकच्छ विधायक सज्जन सिंह वर्मा व कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम चौबारा धीरा के विजयपालसिंह गोहिल को,चौबाराधीरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी मे चौबाराधीरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। गोहिल की नियुवि त पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### रोटरी क्लब के माध्यम से नि:शुल्क सर्जरी

**सोनकच्छ।** रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदौर रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में 19दिसंबर शुक्रवार को कटे-फटे होंठ (क्लेफ्ट लिप) एवं चेहरे से संबंधित विकृतियों की निःशुल्क सर्जरी परियोजना की जानकारी देने हेतु क्लब सदस्यों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंदौर से पधारीं विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अवनी पांडे प्रकल्प निदेशक इंगा फाउंडेशन इंदौर केंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारे लिए अत्यंत खुशी का विषय है कि इस मानवीय सेवा प्रोजेक्ट को रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ के सहयोग से प्रारंभ किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि ऐसे छोटे बच्चे जिनके होंठ जन्म से कटे-फटे हैं अथवा चेहरे पर किसी प्रकार की जॉइंट/विकृति है, उन्हें इंदौर ले जाकर पूर्णतः निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। इस अवसर पर पीडीजी सत्यनारायण लाठी, पीडीजी डॉ. जामीन हुसैन, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष राजेंद्र जैन, रोटरी क्लब इंदौर रॉयल्स की अध्यक्षा यति अरोरा, अनीता पांडे , रोटरी क्लब सोनकच्छ के अध्यक्ष दिनेश राठौर एवं क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने सभी सदस्यों से अपील की कि इस सेवा कार्य का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उनका चयन किया जाए, ताकि वे इस सुविधा का लाभ उठा सकें।इस अवसर पर रोटरी क्लब सोनकच्छ एवं रोटरी क्लब इंदौर रॉयल्स के अध्यक्ष ने क्लब के फ्लैग एक्सचेंज किया ।

## मध्य प्रदेश यूथ गेम्स में पारंपरिक भारतीय खेल पिट्ठू को किया सम्मिलित



**देवास।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा भारतीय पारंपरिक खेलों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश यूथ गेम्स में भारत के पारंपरिक खेल पिट्ठू को आधिकारिक रूप से सम्मिलित किया गया है।इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि पिट्ठू जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। इन्हें मध्य प्रदेश यूथ गेम्स में शामिल करना नई पीढ़ी को भारतीय मूल्यों, अनुशासन और टीम भावना से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। यह पहल प्रदेश के युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए उन्हें खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी।

खिलाड़ियों के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय हेतु विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते,ऋतु व्यास , प्रवीण ढोबले, अभिषेक गोस्वामी,देवास जिला पिट्ठू खेल संघ के सचिव विवेक वंजारे, कोषाध्यक्ष शिव प्रजापत एवं समस्त देवास जिला पिट्ठू खेल संघ द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव , खेल मंत्री विश्वास सारंग, भारतीय पिट्ठू संघ के अध्यक्ष कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश सचिव गुलाब सिंह चौहान तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समस्त अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है, साथ ही प्रदेश के समस्त पिट्ठू खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### युवाओं में खेल भावना को भी मजबूती मिलेगी

देवास जिला पिट्ठू खेल संघ के अध्यक्ष कपिल व्यास ने इस निर्णय का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पारंपरिक खेलों को संगठित मंच प्रदान करना एक अत्यंत सराहनीय कदम है। पिट्ठू जैसे खेलों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को समान अवसर प्राप्त होंगे तथा युवाओं में शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। यह निर्णय जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को उभारने में मील का पत्थर साबित होगा। पिट्ठू भारत का एक अति प्राचीन एवं पारंपरिक खेल है, जिसे देश के विभिन्न हिस्सों में सितौलिया अथवा सात पत्थर के नाम से भी जाना जाता है। यह खेल लंबे समय से भारतीय समाज में लोकप्रिय रहा है। इसे यूथ गेम्स में सम्मिलित किए जाने से न केवल स्वदेशी खेलों को नई पहचान मिलेगी, बल्कि युवाओं में खेल भावना को भी मजबूती मिलेगी। मध्य प्रदेश शासन की यह पहल वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी खेलों के संवर्धन एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है।


## अधूरा सामुदायिक भवन शराबियों का आहता



**बागली।** शराब ठेके से 200 मीटर दूर बेहरी फाटे पर अधूरा बना सामुदायिक भवन वर्तमान में शराबियों के बैठने के लिए सुरक्षित जगह बन गई है। पूरी तरह खंडहर हो चुका है यह अधूरा सामुदायिक भवन जुवारीयों और शराबियों के लिए सुरक्षित स्थान बन जाने से सभी दूर के शराबी और आवारा तत्व सुबह से देर रात तक यहां जमे रहते हैं।

विगत दिनों नगर में हुए लड़ाई झगड़ा विवाद वाले गैंगस्टर भी यहीं पर शराब पीकर अनैतिक गतिविधियों की योजना बनाते रहे हे मुख्य मार्ग पर होने के बावजूद भी पुलिस की मोबाइल वैन सामने से निकल जाती है लेकिन कभी भी अंदर घुसकर सामाजिक तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस भवन को या तो तोड़कर खेल मैदान या बगीचा बना दिया जाए या फिर इस नए स्वरूप में सामुदायिक भवन का रूप दे दिया जाए लखवाडा सरपंच रामचंद्र देलमिया ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया हालांकि यह स्थान छतरपुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत आता है। किंतु बागली के प्रवेश द्वार पर यह स्थान होने से बागली की शान खराब होती है इस अधूरे भवन से स्थानीय रह वासियों ने बताया कि वह शराबियों और सामाजिक तत्वों से बहुत परेशान है यहां पर आए दिन होनेवाले विवाद के प्लान इसी भवन में बनते हैं। प्रतिदिन बड़ी मात्रा में शराबियों का जमावड़ा यहां पर हुड़दंग करता रहता है।

## दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल फोन सहित नगदी पर हाथ साफ किया




**सोनकच्छ।** नगर के बायपास पर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान की शटर के ताले तोड़ कर दुकान में रखे मोबाइल फोन सहित नगदी रुपए सहित हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिक नागर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोप्राइटर कमल नागर ने पुलिस को आवेदन देकर जानकारी दी कि 24 दिसंबर की मध्य रात्रि को 12 बजे के बाद से लेकर दो बजे तक के बीच में मेरी दुकान नागर इलेक्ट्रॉनिक्स जो की प्रगति नगर बाईपास रोड पर स्तिथ हैं। गत रात्रि को जिसके ताले तोड़ शटर खोलकर किसी ने मैरी दुकान से चोरी की, चोरी में चार मोबाइल पावर बैंक और एक प्रेश , नगदी नोट व चिल्लर लगभग 1500/ रु सहित हजारों रुपए की चोरी हुई । दुकान के बिल फाइल प्रॉपर्टी संबंधित कुछ पेपर भी ढूंढने पर नहीं पाए गए।

## अर्बन कामगार पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का नवीन पंजीयन करें : उपायुक्त

**उपायुक्त ने की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा**



**देवास।** 24 दिसंबर 2025, अमृत मित्र योजना एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति,पर्यावरण संरक्षण और समुदाय-आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह योजना मुख्यतः महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से लागू की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को योजना में शामिल करने के अधिक से अधिक प्रयास करें ताकि वे पानी की निगरानी, लीकेज पहचान और निगरानी गतिविधियाँ दैनिक रूप से कर सकें। साथ ही पौधरोपण और पर्यावरण सुरक्षा गतिविधियाँ को भी इन्हीं महिला समूहों द्वारा पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर किया जा सके। यह बात नगर निगम के एन.यू.एल.एम.विभाग की निगम सभागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त जाकिर जाफरी ने कही। उन्होंने कहा कि अर्बन कामगार पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीयन नवीन पंजीयन करे। इस योजना के तहत निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले, सफाईकर्मी, घरेलू कामगार, ड्राइवर, होटल व ढाबा कर्मी, दिहाड़ी मजदूर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर आदि अपना पंजीयन कर सकते हैं। निगम के एन.यू.एल.एम. विभाग के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की बैंक अनुसार समीक्षा, अमृत मित्र योजना के कार्यदेश की समीक्षा, स्वनिधि से समृद्धि योजना की समीक्षा, संबल योजना के तहत पंजीयन, अनुग्रह सहायता एवं अंत्येष्टि सहायता की समीक्षा,अर्बन कामगार पोर्टल पर नवीन पंजीयन की समीक्षा, दीनदयाल रसोई योजना की समीक्षा और रैन बसेरे के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 15 हजार रुपए लोन के नवीन प्रकरणों के आवेदन प्राप्त करने के लिए मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में स्थाई कैंप लगाया जाए। बैठक में उपयंत्री विजय जाघव, मुजफ्फर अली, हेमंत श्रीवास, सुनील जोशी, मुकेश सोलंकी, आकांक्षा मीणा, ज्योति पांचाल, अंजुम शेख सहित समस्त एन.यू.एल.एम.विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकल्पित हो-सुशासन दिवस एवं बालविवाह मुक्त भारत की ली शपथ



**देवास।** 24 दिसम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास में सुशासन दिवस एवं बाल विवाह मुक्त भारत के सघन अभियान के क्रियान्वयन को मूर्तरूप देने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष पारिक (अभिभाषक एवं नोटरी) रहे। महाविद्यालय परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य की उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला सुशासन दिवस पर सुशासन की शपथ डॉ. आर.एस. अनारे द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को दिलवाई गई। कार्यक्रम अगली कड़ी में डॉ. बी.एस. जाधव, डॉ. आर.एस.अनारे, डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. संजय गाडगे एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रश्मि ठाकुर की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं सूत्रधार डॉ. लीना दुबे द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी की 'आओ फिर से दिया जलाएं पंक्तियों से कार्यक्रम का आरंभ किया गया तथा शब्दसुमन एवं उत्तरीय द्वारा अतिथि स्वागत परंपरा को पूर्णता दी गई। स्वागत भाषण डॉ. रश्मि ठाकुर ने प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि लोकहितकारी परंपराएं इतिहास बन जाती है। विकास के साथ बदलते परिवेश में परंपराओं में बदलाव न आने से वह कुरीति बन जाती है। बाल विवाह भी ऐसी ही एक कुरीति है जिससे देश को मुक्त करना अति आवश्यक है। मुख्य अतिथि श्री पारिक ने अपने उद्बोधन में सुशासन दिवस को वर्तमान संदर्भ में व्याख्यायित किया तथा बाल विवाह मुक्त भारत हेतु विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से जनजागरण का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया। विषय विशेष पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राणा ने बालविवाह के संदर्भ में पाप, अपकृत्य तथा अपराध जैसे शब्दों पर प्रकाश डाला और कहा कि अशिक्षा बाल विवाह का मूल कारण बताते हुए नेपोलियन बोनापार्ट के कथन मुझे एक शिक्षित महिला दो, मैं तुमे एक सशक्त राष्ट्र दूंगा' को उद्धरित किया। डॉ. लीना दुबे ने बालविवाह के कानूनी एवं सामाजिक दुष्प्रभावों को अपने उद्बोधन में समाहित किया। इसी अवसर पर जनजागरूकता हेतु बालविवाह मुक्त भारत की सामूहिक शपथ भी दिलवाई गई। बालविवाह की रोकथाम के लिए शिक्षा ही एक मात्र साधन है विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में सलोनी परमार प्रथम, रोशनी अलोने द्वितीय तथा विपक्ष में रितिक बैरागी प्रथम तथा खुशबू वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालविवाह समाज के लिए अभिशाप है विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 29 विद्यार्थियों ने भागीदारी की जिसमें संकल्प सोलंकी प्रथम, खुशबू वर्मा द्वितीय तथा रितिक बैरागी तृतीय स्थान पर रहे। डॉ. ममता झाला, डॉ. आराधना डिकुना, डॉ. माया ठाकुर, डॉ. सीमा परमार, निहारिका व्यास, जितेन्द्रसिंह राजपूत, अरूण कुशवंशी के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। डॉ. सीमा सोनी, डॉ. जया गुरनानी, डॉ. जरीना लोहावाला, डॉ. भारती कियावत, नीरज जैन, डॉ. लता धुपकरिया, डॉ. ममता लावरे, डॉ. मनोज मालवीय, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. संजयसिंह बरोनिया, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. रजत राठौर, जॉन प्रीतेश, संदीप नागर, भारती वास्केल, डॉ. ललिता गोरे, डॉ. कैलाश यादव, डॉ. हेमन्त मण्डलोई, डॉ. शकील खान, सपना राठौर, संजना सोनी की गरिमायी उपस्थिति एवं सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. लीना दुबे ने किया तथा आभार राकेश कोटिया ने माना।

## टोंककला से बालोन तक सड़क जर्जर



**टोंक खुर्द। (विष्णु गालोदिया)।** आगरा मुंबई हाईवे स्टेट सड़क मार्ग ग्राम टोंक कला से प्रारंभ होकर तहसील मुख्यालय टोंक खुर्द, देवली, चौबाराधीरा, इकलेरा माताजी,ग्राम बालोन तक सड़क मार्ग पहुंचता है। उक्त सड़क मार्ग दो जिलों का गंतव्य तक पहुंचता हैं जिला देवास एवं शाजापुर जिला तक इन दिनो खस्ता हालत मे जर्जर हो चुकी है बड़ी-बड़ी खाइयो पढ़कर बड़े-बड़े गढो में सड़क मार्ग डूब चुका है। सड़क मार्ग पर चलने वाले आवागमन यातायात वाहनो का निकलना बड़ी मुश्किल का सामना भुगतना पड़ रहा है लोगों को आए दिन वाहनों के एक्सीडेंट होते रहते हैं। जानलेवा गढो से गत वर्ष टोंक खुर्द से ग्राम देवली के बीच एक्सीडेंट में दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क मार्ग का पैच वर्क कार्य की अनदेखी जा रही है उक्त आरोप भाजपा वरिष्ठ नेता श्याम सिंह गालोदिया,सरपंच भगवान सिंह चौहान,पूर्व सरपंच राधेश्याम पाटीदार,पूर्व सरपंच यशवंत सिंह ठाकुर,पूर्व जनपद प्रतिनिधि यसवंत सिंह दांगी, मायाराम दांगी,भाजपा किसान नेता निर्भय सिंह कराड़ा,धर्मेंद्र सिंह सेंधव, मेहरबान गिरी गोस्वामी, मदन सिंह चौधरी,बाबूलाल गुर्जर, जगदीश गुर्जर, राय सिंह यादव, लोकेंद्र सिंह(लाला) गुर्जर,सदर इसाक खान मंसूरी, मुबारिक खान मंसूरी,राकेश पाटीदार, अंकित सोंती,महेश चांदना,सौदान सिंह चौधरी आदि क्षेत्र के लोगों ने लगाया।

**इनका कहना है**

टोंक कला से टोंक खुर्द सड़क मार्ग का पैच वर्क कार्य चल रहा है। तहसील मुख्यालय टोंक खुर्द से ग्राम बालोन तक भी कार्य सुचारू रूप से पेच वर्ग का कार्य चालू कर दिया जाएगा। बीएम महाजन

## दो क्लिनिक और एक पैथोलॉजी सेंटर सील




**देवास।** जिले झोलाछाप और अवैध चिकित्सा गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष कोटकर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम इंदौर डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच के लिए पहुंची थी। जांच में सामने आया कि सेंटर पर सोनोग्राफी और पैथोलॉजी दोनों सेवाएं संचालित हो रही थीं,लेकिन नियमों का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा था।डॉ. संतोष कोटकर के अनुसार, सेंटर में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज गुप्ता पर पहले से शिकायत थी कि वे स्वयं सोनोग्राफी नहीं कर रहे हैं और उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति से जांच कराई जा रही है।

जांच के दौरान एक रेडियोग्राफर गुड्डू कुमार, निवासी बिहार, को डॉक्टर की जगह रंगे हाथों सोनोग्राफी करते हुए पकड़ा गया, जो पूरी तरह अवैध है। जांच के बाद डॉ. पंकज गुप्ता के नाम से संचालित इंदौर डायग्नोस्टिक सेंटर सहित देवास में दो क्लिनिक और एक पैथोलॉजी सेंटर को सील कर दिया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर इस तरह की गतिविधियों को लेकर सख्त हैं और झोलाछाप डॉक्टरों तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

## निगम में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई

**देवास।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 25 दिसम्बर गुरूवार को जन्म दिवस होने पर उस दिवस शासकीय अवकाश होने के कारण शासन निर्देशानुसार नगर निगम कार्यालय मे 24 दिसम्बर बुधवार को श्री वाजपेयी जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूपे मे मनाते हुये निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा निगम अधिकारियो व कर्मचारियों सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निगम उपायुक्त आरती खेडेकर, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, विशाल जगताप, उमेश चतुर्वेदी, विशाल जोशी, अरूण तोमर, हेमराज सांगते, अजीमुद्दीन शेख, चंदा गिल्लोरे, मोईज अंसारी, नारायण श्रीवास, मुजफ्फर अली, सुनिल जोशी, हेमन्त कामले, अंकित कुशवाह, सविता कोठानी व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**एक नजर** — शासकीय महाविद्यालय कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर

## पॉक्सो कानून के प्रति सजग रहें विद्यार्थी : न्यायाधीश निगम



**कन्नौद।** प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा समिति, देवास के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय, कन्नौद, जिला देवास में दिनांक 24.12.2025 को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश श्री अमित निगम ने संबोधन में कहा कि समाज में बढ़ रही घटनाओं के आलोक में पॉक्सो कानून के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। कानून की जानकारी जितनी अधिक होगी उतना अधिक सुरक्षा का भाव बढ़ेगा। बालिकाओं को स्वयं के साथ हुए किसी भी कृत्य को तुरंत शिक्षकों व अभिभावकों को बताना चाहिए। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय अत्यन्त सावधान रहना चाहिए। बिना व्यक्तिगत पहचान के हर व्यक्ति को सोशल मीडिया में अपने साथ जोडना खतरनाक हो सकता है। छात्रों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में विधि की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कानूनी जानकारी के महत्व को समझाया। उप पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य तिवारी ने पाक्सो के अन्तर्गत हो रही घटनाओं के तरीकों एवं पुलिस की सहायता प्राप्त करने के तरीके आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री अमित निगम ने बच्चों के प्रश्नो के भी उत्तर दिये। छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिये अभिप्रेरण की भी आवश्यकता बताई।

अभिप्रेरण के लिये सदैव सकारात्मक सोच पर बल दिया और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्थन तथा अपने परिश्रम पर पूर्ण विश्वास होने की भी जरूरत बताई। कार्यक्रम में अभिभाषक गण एवं महाविद्यालय स्टाफ व सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त जानकारी एडवोकेट शैलेंद्र पांचाल द्वारा दी गई।